सत्यमेव जयते

प्रधान मंत्री

Prime Minister

संदेश

केंद्रीय सतर्कता आयोग द्वारा 31 अक्टूबर से 06 नवंबर, 2022 के बीच सतर्कता जागरूकता सप्ताह के आयोजन के बारे में जानकर प्रसन्नता हुई है। इस वर्ष सतर्कता जागरूकता सप्ताह के लिए 'भ्रष्टाचार मुक्त भारत- विकसित भारत' विषय का चयन सराहनीय है।

भ्रष्टाचार न केवल सामान्य नागरिक को उसके अधिकारों से वंचित करता है बल्कि देश की प्रगति में अवरोध भी उत्पन्न करता है, और एक राष्ट्र के रूप में हमारी सामूहिकता की शक्ति को प्रभावित करता है। बीते आठ वर्षों में हम भ्रष्टाचार के खिलाफ ज़ीरो टॉलरेंस की नीति को अपनाकर आगे बढ़ रहे हैं, जहां यह संदेश स्पष्ट है कि भ्रष्टाचार करने वाले किसी भी व्यक्ति या संस्थान को बख्शा नहीं जाएगा। इस तरह देश में विश्वास का एक वातावरण उत्पन्न हुआ है, जिसमें हर ईमानदार व्यक्ति आज खुद पर गर्व महसूस करता है।

भ्रष्टाचार को मूल से उखाड़ फेकने के लिए पूरी प्रक्रिया, पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाया जा रहा है। तकनीक और रिफॉर्म्स के जरिए व्यवस्था को मजबूती प्रदान की जा रही है ताकि न केवल आज, बल्कि भविष्य में भी किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार की गुंजाइश न रहे और नागरिकों का हित सुरक्षित रहे।

यह जानकर प्रसन्नता हुई है कि इस वर्ष आयोग द्वारा निवारक सतर्कता उपायों पर तीन महीने का एक अभियान भी चलाया जा रहा है। कहा गया है- **'प्रक्षालनाद्धि पंकस्य दूरात् स्पर्शनम् वरम्।'** अर्थात, गंदगी लग जाए फिर उसे साफ करो, इससे अच्छा है कि गंदगी लगने ही न दो। जिन परिस्थितियों की वजह से भ्रष्टाचार पनपता है, हमारे लिए उन पर प्रहार करना आवश्यक है।

आजादी के अगले 25 वर्षों की यात्रा एक भव्य और विकसित भारत के निर्माण में हम सभी का कर्तव्य काल है। यह अवसर एक सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में अपने प्रयासों में तेजी लाने का है। मुझे विश्वास है कि सतर्कता जागरूकता सप्ताह का आयोजन जीवन में ईमानदारी, सत्यनिष्ठा और पारदर्शिता को बढ़ावा देकर राष्ट्र निर्माण के लिए हमारे संकल्पों को मजबूती प्रदान करेगा।

केंद्रीय सतर्कता आयोग को आयोजन की सफलता और भविष्य के प्रयासों के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

(नरेन्द्र मोदी)

नई दिल्ली
कार्तिक 05, शक संवत् 1944
27 अक्टूबर, 2022